तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024


बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

15 दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच रहा लोकतंत्र : विधायक
16 1327 लंबित प्रकरणों में 6 करोड़ का राजीनामा ...






## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने जनता को लूटा, अब सुशासन की राह पर छत्तीसगढ़

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे होने पर शनिवार को सुकमा कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जनादेश परब कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टेकाम ने कहा कि एक साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की साय सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरी है। भाजपा के चार मूल मंत्र सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास अब धरातल पर दिखने लगा है। बीते 5 साल सत्ता में रही कांग्रेस की सरकार ने मनमानी तरीके से छत्तीसगढ़ की मूल भावना को डिस्टर्ब करने का प्रयास किया। कोयला घोटाला से लेकर सीजीपीएससी जैसे घोटाले किए। छत्तीसगढ़ के युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया। श्री टेकाम ने कहा कि कांग्रेस ने रेडी टू ईट का काम महिलाओं से छीनकर उन्हें बेरोजगार कर दिया। बेरोजगार युवाओं को 2500 भत्ता देने का वादा किया और चुनाव से कुछ महीनो पहले नियम एवं शर्तों के साथ दिया गया। आज से 24 साल पहले जब राज्य बना था, तब से लेकर साल भर पहले तक नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या थी। विष्णु देव साय की सरकार की कुशल रणनीति और प्रभावी कार्रवाई के चलते अब राज्य में नक्सल समस्या समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। राज्य के 13 लाख किसानों को दो साल के धान का बकाया बोनस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन, सुशासन दिवस के अवसर पर जारी किया। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से 3100 रुपये के दाम पर धान की खरीदी की।

### सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने जंगल में जुटे थे नक्सली विस्फोटक समेत 7 गिरफ्तार



**सुकमा।** सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की तैयारी कर रहे नक्सलियों के मंसूबों पर जवानों ने पानी फेर दिया। पूवर्ती एवं टेकलगुड़ा के मध्य जंगल में जुटे 7 नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से कोर्डेक्स वायर करीब 3 मीटर, बिजली वायर 5 मीटर, जिलेटिन राड 5 नग, टाईगर बम 2 गन, पेंसिल सेल 3 नग, माचिस 2 नग, डेटोनेटर 3 नग एवं बारूद 200 ग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार नक्सलियों ने कैम्प पुवर्ती एवं कैम्प टेकलगुड़ा से निकलने वाले सुरक्षाबलों के आने-जाने वाले संभावित मार्गो में नुकसान पहुंचाने की नीयत विस्फोटक रखना कबूल किया। पुलिस अफसरों ने बताया कि नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नजगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प पुवर्ती से 201 वाहिनी कोबरा एवं 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं थाना जगरगुण्डा से जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। इस दौरान पूवर्ती एवं टेकलगुड़ा के मध्य के रोड से 200 मीटर अंदर जंगल कच्ची रास्ते के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगे। जिन्हें सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान मिलिशिया सदस्य मड़कम कोसा, कुंजाम जग्गू, माड़वी जोगा, डोडी मोटू, माड़वी लखमू, नुप्पो शेष पेज 14 पर

# सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों से छत्तीसगढ़ में सुशासन की संकल्पना हुई साकार: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के वन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता, तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप द्वारा आज प्रेस वार्ता ली गई। प्रेसवार्ता में उन्होंने अपने संबोधन में शासन की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों तथा ऐतिहासिक निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इनमें से कुछ आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। हमारा प्रयास है कि आम नागरिकों को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। एक शेष पेज 14 पर

## 22 करोड़ 2 लाख 22 हजार से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का मंत्री ने किया लोकार्पण



### सम्मान निधि देने की घोषणा

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बहाल करने के साथ-साथ पांच साल के एरियर्स का भुगतान भी किया गया। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई । जनजातीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शासन ने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा को सालाना पांच-पांच हजार रुपए की सम्मान निधि देने की घोषणा की हैं।

### सातों जिलों और नुवा बाट के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# बस्तर के युवा लोकतंत्र के विकास के मार्ग में आगे आकर बन रहे सहभागी: गृहमंत्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलम्पिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शनिवार को स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में विधिवत शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समूचे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर के युवाओं ने इतनी बड़ी संख्या में स्पर्धा में भाग लेकर इस महत्ती आयोजन का प्रतिभागी बने। सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल कर विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। यही वजह है कि बस्तर के युवा लोकतंत्र के विकास के मार्ग में आगे आकर भूमिका निभा रहे हैं। बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के विजेता विकास के मॉडल होंगे। बस्तर की गांव-गांव में विकास की धारा पहुंचे, इस दिशा में सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में बस्तर में चहुंओर शांति और विकास की बयार बहेगी। संचालक खेल एवं युवा कल्याण सुश्री तनुजा सलाम ने स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि बस्तर ओलम्पिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं बस्तर जिले के साथ ही नुवा बाट के करीब तीन हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। बस्तर के लिए गौरव का क्षण होने के साथ ही बस्तर के सुनहरे भविष्य के लिए सरकार का बहुत ही अच्छा निर्णय है। इस बस्तर शेष पेज 14 पर

- उप मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलम्पिक का किया विधिवत शुभारंभ






### विकास में सहभागिता निभाने किया प्रोत्साहित




वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और इस धरा का समग्र विकास करने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। बस्तर ओलम्पिक यहां के युवाओं को खेल की दृष्टि से आगे बढ़ाए जाने की पहल के साथ उन्हें विकास में सहभागिता निभाने प्रोत्साहित करना है। बस्तर में खेल के अधोसंरचना को और बेहतर किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को उचित मंच दिया जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जितना सिखाता है हार से भी हमको अच्छा करने की प्रेरणा देता है।

# सर्पदंश से 6 वर्षीय मंगली की मौत, दो घंटे में नहीं पहुंची एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम तुमरीगुंडा व आसपास के क्षेत्र में पिछले तीन सालों में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत सांपों के काटे जाने से हुई है। इसी बीच एक बच्ची की मौत से घर में मातम छाया हुआ है। दरअसल मामला यह है कि तुमरीगुंडा में अपने घर के आंगन में खेल रही 6 साल की बच्ची को घर में ही एक कोबरा सांप ने डस लिया। जिसके कारण बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर गांव के ग्रामीण पहुंचे और कोबरा सांप को रेस्क्यू कर लिया है। बता दें कि ग्राम तुमरीगुंडा के स्कूलपारा निवासी नेगी राम की 6 साल की बेटी मंगली तामो अपने घर के आंगन के आसपास में खेल रही थी। इसी बीच खेलने के दौरान बच्ची के हाथ में जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। बच्ची के चिल्लाने के बाद देखा कि हाथ में सर्प काटने का निशान था। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन किया। पर 108 कंपनी के लोग आधे घंटे में पहुंचने की बात का हवाला देते रहे। इधर 6 वर्षीय मंगली 2 घंटे तड़पते रही। अंत तक 108 नहीं पहुंचने से 6 वर्षीय मंगली तामो ने अपने ही घर में दम तोड़ दिया। समय पर एबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण समय पर उपचार ना मिलने से क्षेत्र के लोगों में लचर व्यवस्था के कारण रोष व्याप्त है।



- गीदम ब्लॉक के ग्राम तुमरीगुंडा का मामला

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह के प्रवास के दौरान 13 घंटे शहर के मुख्य मार्ग रहेंगे प्रतिबंधित

भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध, पार्किंग व वाहनों के जाने के लिए परिवर्तित मार्ग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास को देखते हुए यातायात पुलिस ने एडवायजरी जारी की है। जिसके मुताबिक शहर के कई मुख्य मार्ग रविवार को तेरह घंटे के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वहीं सोमवार को सुबह 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक कई मार्गों को प्रतिबधिंत किया गया है। ट्रेफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि वीआईपी प्रवास को देखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों से कार्यक्रम स्थल तक आम लोगों के पहुंचने के लिए सीधे बोधघाट मार्ग या संजय मार्केट चौक, गुरू गोविन्द सिंह चौक होकर कोर्ट तिराहा पहुंचने के पश्चात अपने निधारित पार्किंग स्थल पर वाहनों को पार्क कर प्रियदर्शनी स्टेडियम में प्रवेश करेंगे। वहीं यात्री बस के लिए परिवर्तित मार्ग जगदलपुर से रायपुर व नगरनार की ओर से आवागमन वाली यात्री बसें, परिवर्तित मार्ग पर समय 11 बजे से शाम 6 बजे तक बस स्टैण्ड, बोधघाट चौक, लामनी पार्क, आड़ावाल बाईपास, एनएमडीसी चौक, आमागुड़ा चौक तथा इसी प्रकार गीदम, दंतेवाड़ा व सुकमा की ओर जाने वाले बसें भी बोधघाट लामनी पार्क मार्ग का उपयोग करते हुए गीदम नाका तिराहा होकर आवागमन करेंगे। भारी वाहन ट्रक एवं अन्य भारी वाहन को प्रतिबंधित किया गया है। ट्रक व भारी वाहनों का जगदलपुर शहर में रविवार सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक 13 घटें के प्रवेश वर्जित रहेगा। बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहन जगदलपुर व गीदम मार्ग से रायपुर की ओर आने जाने वाले वाहन बाईपास मार्ग तेली मारेंगा-आड़ावाल की ओर से आवाजाही कर सकेंगे।

### ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवायजरी

### आपातकालीन सेवा के लिए छूट

आपातकालीन सेवा से संबंधित वाहन को जगदलपुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए छूट रहेगी। इसके अलावा विमान यात्रियों को बोधघाट मार्ग से एयरपोर्ट की ओर आवागमन करना होगा। इसके अलावा एयरपोर्ट कुम्हारपारा चौक से शहीद पार्क होकर चांदनी चौक तक दोपहर 1 बजे से दोपहर 4 बजे तक, चांदनी चौक से कलेक्ट्रेट मार्ग, इंदिरा स्टेडियम तक 1 बजे से शाम 6 बजे तक, चांदनी चौक से महावीर चौक होकर सर्किट हाउस तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक, सर्किट हाउस चौक से भंगाराम चौक, आईजी बंगला तिराहा, लालबाग मार्ग शेष पेज 14 पर

# चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रही साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश की भाजपा नीत साय सरकार छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रही है। विधानसभा चुनाव के समय जो वादा किया गया था, सरकार बनते ही उन वादों को पूरा करने का काम शुरू किया और आज अधिकतर वादों को पूरा कर लिया गया है। सबसे पहले पीएम आवास जो पूर्व की सरकार में हितग्राहियों को नहीं मिला था, मुख्यमंत्री ने पीएम आवास का वादा पूरा करने के बाद ही अपने सीएम आवास पर गए। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने शनिवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने सभी वर्ग को ध्यान में रखकर योजना बनायी और उन योजनाओं को सभी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश की जनता ने पिछले एक साल में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार को देखा है। उन्होंने कहा कि नयी उद्योग नीति में बस्तर को कई छूट दी गयी है। महिला उद्यमियों के साथ-साथ तृतीय वर्ग को भी प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने कहा कि साय सरकार ने सुशासन एवं अभिकरण शेष पेज 14 पर

- सरकार ने सालभर के कार्यों का जनता के सामने किया प्रस्तुत रिपोर्ट



### घोटाला करने वालों पर शुरू हुई कार्रवाई

*विधायक किरण देव ने कहा कि भ्रष्टाचार को मिटाने सरकार कटबद्ध है। पूर्व की सरकार में जनता के पैसों का जमकर घोटाला किया गया था, उन घोटालेबाजों पर सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। यही नहीं पीएससी घोटाले में भी नेताओं के चहतों को लाभ देने का आरोप लगा था, उस पर भी जांच के साथ ही कार्रवाई शुरू कर अब पीएससी को पारदर्शी बना दिया गया है। जिससे सभी युवाओं को लाभ मिलेगा।*

### पति-पत्नी के मध्य लोक अदालत में हुआ समझौता

# पति-पत्नी का मनमुटाव हुआ दूर, गृहस्थी फिर सजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के अंदरूनी क्षेत्र गांव में पति एवं पत्नी के बीच वैमनस्यता से लगभग एक साल तक दूर रहे। शनिवार को संभागीय मुख्यालय स्थित जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझाइस के बाद दोनों की वैमनस्यता को दूर कर समझौता कर एक साथ रहने का निर्णय लिया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय जगदलपुर के समक्ष रखे गये प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार 5 अक्टूबर 2017 को सम्पन्न हुआ था। विवाह पश्चात आवेदिका एवं अनावेदक के दाम्पत्य संबंधों से तीन संतानों का जन्म हुआ, जिसमें से एक संतान की मृत्यु हो गई और वर्तमान में दो पुत्री संतान जीवित हैं। अनावेदक विगत सालभर पूर्व से आवेदिका एवं बच्चों के प्रति अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा था और आवेदिकागणों से मारपीट कर घर से भगा दिया था। अनावेदक द्वारा आवेदिका का परित्याग कर देने से आवेदिका, आवेदिका के मायके में निवासरत हैं। आवेदिका के जीवन-यापन हेतु आय का कोई स्त्रोत नहीं है एवं अनावेदक सिक्यूरिटी गार्ड का काम करता है और प्रतिमाह 15 हजार रूपए आय अर्जित करता है। अनावेदक द्वारा आवेदिका के भरण-पोषण में उपेक्षा किए जाने के कारण आवेदिका द्वारा अनावेदक के विरूद्ध भरण-पोषण का यह मामला प्रस्तुत किया गया था।

- री-यूनियन करवाकर प्रकरण का किया निपटारा



### सकारात्मक परिणाम आए

परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि अदालत में आवेदिका एवं अनावेदक को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलकर, पति-पत्नि के रूप में साथ रहकर, सुखपूर्वक व शांतिपूर्वक पारिवारिक जीवन-निर्वाह करने के संबंध में समझाईश दी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए एवं पति-पत्नि दोनों ने इस पर अमल करते हुए, बच्चों सहित रहना शुरू कर दिये हैं। उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन स्थापित की गई।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9149027841

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आई साइकिल सवार छात्रा गंभीर, रायपुर रेफर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 झुलनाडिही के पास शनिवार की सुबह करीब 7:30 बजे घर से स्कूल जाने निकली साइकिल सवार 16 वर्षीय कक्षा दसवीं की छात्रा ग्राम पाटला निवासी दिव्यांशा नेताम पिता बुधुराम नेताम रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में लाया गया। छात्रा के सर चेहरे में गंभीर चोट आने पर उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घायल छात्रा साइकिल में सवार होकर सुबह घर से फरसगांव स्कूल आने निकली थी। वही ट्रक ड्राइवर मौके से फरार होकर अपने आप को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### पदोन्नत शिक्षकों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई



**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय संकुल तरहुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा माध्यमिक शाला पेंडावारी में सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हुए अनिल चंद्रवंशी, रविशंकर यादव, शिवशंकर टाडिया, महंत दररों एवं संतोषी यादव, शंकर चुरेंद्र का सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। समस्त अतिथियों के द्वारा शैक्षणिक कार्य का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर में संकुल प्राचार्य लता डड़सेना, संकुल समन्वयक हेमंत दामले, संजीव मांडवी, चंदेल कुमार साहू, महेंद्र खुडसूंगे, बीआरसी कार्यालय से अनुभव साहू, उपेंद्र कस्तूरे, देवप्रसाद मंडावी, अशोक पुरबिया, रामस्वरूप कोठारी, पोखन ठाकुर, एवं कार्यक्रम का संचालन नमिता दुग्गा एवं निर्भय कोवाची द्वारा किया गया।


# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नड्डा को भेंट की राम मंदिर की ढोकरा शिल्पकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शहर के शिल्पकार राजेन्द्र बघेल द्वारा बनाई गई अयोध्या के राम मंदिर की ढोकरा शिल्पकला को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा को भेंट किया। जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित झिटकू मिटकू समिति के शिल्पकार द्वारा बनाई गई राम मंदिर की इस कलाकृति का वजन लगभग 120 किलो है। लम्बाई 4 फीट, ऊंचाई 30 इंच है। राम दरबार एवं राम की मूरत के साथ ही माता सीता और लक्ष्मण की कलाकृति भी बनाई गई है। यह कलाकृति झिटकू मिटकू समिति बनाई गई है। जिसमें 40 सदस्य जुड़े हुए हैं। राजेन्द्र बघेल का ढोकरा शिल्पकला परम्परागत पेशा है। परम्परागत पेशा होने के कारण वे जन्म से ही इससे जुड़े हुए हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर भगवान राम के जीवन से संबंधित शिल्पकला कलाकारों को बनाने के लिए निर्देश दिए गए थे। उक्त कलाकृति को बनाने में शिल्पकारों को तीन से चार माह लगे।

**कोंडागांव के शिल्पकार द्वारा बनाई गई कलाकृतियां**

कलाकृति का वजन 120 किलो, लंबाई 4 फीट और ऊंचाई 30 इंच



**जिला प्रशासन दे रहा सहयोग**

जिला प्रशासन द्वारा जिले के शिल्पकारों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं दी जा रही है। उक्त कला के लिए झिटकु मिटकी आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी चिखलपुटी कोण्डागांव के 141 आर्टिजन के साथ मिलकर कार्य कर रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## लापरवाही : जिला अस्पताल के वाहन शाखा प्रभारी सहित अफसर नहीं दे रहे ध्यान

# करोड़ों की आठ एंबुलेंस कार्यालय परिसर में खड़े- खड़े हो रहीं कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- सन 2017 से 2020 के बीच खरीदे गए थे वाहन

जिले के मरीजों को आपातकालीन सेवाएं देने के लिए 2017 से 2020 के बीच खरीदी गईं करोड़ों रुपये की 8 चमचमाती एम्बुलेंस आज भी स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के परिसर में धूल खाकर जर्जर हो रही हैं। इसका एकमात्र कारण वाहन शाखा प्रभारी कोंडागांव की गैरजिम्मेदाराना रवैया और समय पर इन वाहनों का पंजीकरण न कराना ही है। स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही ने एक बार फिर सरकार की मंशा और योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इन वाहनों पर लिखा तो है डॉक्टर आपके द्वार, लेकिन दुर्भाग्य से ये कभी मरीजों की सेवा में उपयोग ही नहीं हो सकीं। इनका पंजीकरण समय पर न होने के कारण न तो इन्हें सड़क पर उतारा जा सकता है, न ही इनका बीमा कराया गया। आलम यह है कि यदि आज कोई इन वाहनों का उपयोग करना चाहे, तो कानूनी अड़चनों की वजह से यह संभव नहीं है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब एक सड़क हादसे में मरीजों को लाने वाली एम्बुलेंस के दस्तावेज जांचे गए। पता चला कि वाहनों का न तो पंजीकरण हुआ है और न ही वैध कागजात हैं। अब, बिना नंबर और इंश्योरेंस के इन एम्बुलेंस को बाहर निकालना संभव नहीं है।







**वाहन शाखा प्रभारी की बड़ी चूक**

*वाहन शाखा प्रभारी का काम समय पर पंजीकरण कराना भी होता है। लेकिन उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को नजरअंदाज करते हुए पूरे विभाग को शर्मसार कर दिया। इन वाहनों के कागजात पूरे न होने के कारण अब वे सिर्फ सरकारी परिसर की शोभा बढ़ा रही हैं। जब इस लापरवाही का मामला सामने आया, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोंडागांव ने शासन प्रशासन को इसकी जानकारी दी। जांच टीम ने 6 महीने पहले अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इससे आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर कब दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।*

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवाएं ठप**

इन एम्बुलेंस की खरीदी नक्सल प्रभावित दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए की गई थी। लेकिन अब यह योजना विभागीय लापवाही के चलते ठप पड़ी है। मरीजों को सुविधा देने के बजाय ये वाहन कबाड़ बनने की कगार पर हैं। वाहन शाखा प्रभारी की इस चूक के कारण न केवल मरीजों की जान जोखिम में है, बल्कि सरकार के करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद उपयोग नहीं हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एंबुलेंस सेवा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।



# नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगोली में भरे सुशासन के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- सुशासन दिवस पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में हुए विविध आयोजन



छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व इतिहास कला संस्कृति, सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता के साथ रंगोली में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। रंगोली में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की प्रतिकृति में रंग भरा। प्रधानपाठक मधु तिवारी द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूण होने पर समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों से बच्चों को परिचित कराया। सुशासन दिवस पर विविध आयोजन में शिक्षिका स्मिता नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रतिभा और समर्पण की एक उत्कृष्ट कृति की दी गई प्रस्तुति

# मदर टेरेसा हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 27 शानदार कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

विकासखंड के अंतर्गत मदर टेरेसा हाई स्कूल बोरगांव में ओलियो ओपस थीम के साथ अपने जीवंत वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया, जहां रचनात्मकता, प्रतिभा और समर्पण के एक सुंदर संगम को दर्शाया गया। गुरुवार शाम 6:30 बजे शुरू हुए इस भव्य कार्यक्रम में 2000 से अधिक लोगों द्वारा आनंद उठाया। दर्शकों को 500 से अधिक छात्रों द्वारा 27 शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने के महत्व के बारे में बात की और अपने संदेश में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि फादर संतोष कोथरिल सीएमआई ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को बधाई दी। समारोह के अध्यक्ष, जगदलपुर के कैथोलिक सूबा के बिशप, आरटी रेव. डॉ. जोसेफ कोल्लमपरम्बिल सीएमआई ने एक प्रेरक संदेश दिया और स्कूल को अपना आशीर्वाद दिया। फादर जगदलपुर के कैथोलिक डायोसीज़ के शैक्षिक सचिव मनीष कोंगदान भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सभी को उत्साहवर्धक संदेश दिया। समारोह में विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शनों के माध्यम से समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल और कला चैंपियनों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समूह स्पर्धाओं और व्यक्तिगत चैंपियनों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिली।



**आने वाले वर्ष होगा और उत्कृष्ट**

स्कूल की रिपोर्ट प्रिंसिपल, रेव. फादर सिबी कुनेल द्वारा प्रस्तुत की गई। हेड बॉय अर्जुन विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जबकि कक्षा दस की आस्था मालू ने स्वागत भाषण दिया। कोरियोग्राफरों, पीटीए और तकनीकी टीमों के अथक प्रयासों को विशेष मान्यता दी गई, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की। जिसमें आने वाले वर्षों में उत्कृष्टता जारी रखने का वादा किया गया।

# 22.2 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिले के 22 करोड़ 2 लाख 22 हजार से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें शासकीय महाविद्यालय कुआकोण्डा में भवन निर्माण कार्य, शासकीय महाविद्यालय कुआकोण्डा में छात्रावास भवन निर्माण कार्य, जिले के विभिन्न 3 स्थलों में सोलर ड्यूल पंप स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 10 स्वास्थ्य केन्द्रों में सोलर पॉवर प्लांट स्थापना कार्य, ग्राम-गुमड़ा शिव मंदिर में सोलर पॉवर प्लांट मय स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत विभिन्न 10 स्थलों में सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 51 स्थलों में सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 04 पीएमश्री स्कूल में सोलर पॉवर प्लांट स्थापना कार्य। उन्होंने पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास दंतेवाड़ा चितालंका कारली पोटाकेबिन, शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार काम्प्लेक्स, गीदम फेस-2, शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार काम्प्लेक्स, गीदम, पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक कार्य बचेली वार्ड नंबर-10 बचेली वार्ड नंबर 10 भाग-2 बचेली वार्ड 10 भाग-3, बचेली वार्ड नंबर 3 भाग-1 एवं 2 (पार्क निर्माण कार्य), मूलभूत न्यूनतम सेवा के अंतर्गत विकलांग पुनर्वास केन्द्र का निर्माण कार्य भाग-1 से 2, उप स्वास्थ्य केन्द्र दुगेली, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली में जीर्णोद्धार एवं शेड टाईल्स निर्माण कार्य। उन्होंने उप स्वास्थ्य पोटाली में 6 बेड का निर्माण, सिंगल नलजल प्रदाय योजना जापोड़ी, गीदम, सिंगल नलजल प्रदाय योजना करंजेनार, दंतेवाड़ा, तथा सिंगल नलजल प्रदाय योजना बड़ेहडमामुण्डा, कुआकोण्डा कार्य है। इसके अलावा 26 टाटा मेजिक वाहन पंचायतों एवं स्व सहायता समूह को दिये गए। इसके साथ ही बारसूर महोत्सव 2025 के आयोजन के परिप्रेक्ष्य में प्रतीक चिन्ह का भी विमोचन प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, सदस्य बेषुराम मण्डावी, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं मीडियाकर्मी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शिक्षाश्री पुरस्कार से व्याख्याता सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत शाउमावि मेड़ो में पदस्थ व्याख्याता अंग्रेजी तृप्ति गजभिए को शैक्षिक क्षेत्र में उनके अविश्वसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 दिसबंर को कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर में शिक्षा श्रीपुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संस्था में सांस्कृतिक गतिविधि, रचनात्मक कार्य, कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास, वर्तमान में उपचारात्मक क्लास, समाधान क्लास, मोहल्ला मोहल्ला क्लास, गर्मियों के छुट्टी में बच्चों को आत्म निर्भर बनाने के लिए समर क्लास आयोजित किया गया। इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।



## ग्राम बरकई और नलाझर के सात से अधिक हितग्राही हुए शिकार

# आवास मित्र के साथ ठेकेदार बन पहुंचे और कर ली ठगी, नहीं बना पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- पहली किस्त लेकर ठेकेदार हो गया फरार

छतविहीन परिवारों का सपना होता है। उनके पास भी अपना खुद का आवास हो। ऐसे परिवारों को आवास मुहैया कराने सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना चला रही। जिन विभागीय अधिकारियों पर आवासों के जमीनी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी है। उनकी ही उदासीनता के कारण समय पर आवास पूर्ण नहीं होने से हितग्राही आवास से वंचित हो रहे। आवास योजना की सूची जारी होते ही ग्राम बरकई में ठेकेदार बनकर कुछ लोग आवास मित्र के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुंचे। हितग्राहियों के आवासों को पंचायत की ओर से बनाकर देने का प्रलोभन देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया। हितग्राही उनके झांसे में आए और पहली किस्त की राशि निकालकर उनको दे दिया। उसके बाद राशि लेकर ठेकेदार गायब गए हैं। ग्रामीणों की माने तो ग्राम बरकई और नालझर के 7 से 8 हितग्राहियों से इसी तरह ठगी की घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही। आवासों की राशि में ठगी के इस खेल में पंचायत के लोगों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।



**अब तक बने 2112 आवास**

जनपद कार्यालय की आवास साखा से मिली जानकारी के मुताबिक आवास योजना के तहत सन 2016 से अब तक माकड़ी ब्लॉक में कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 5877, पूर्ण हुए आवासों की संख्या 2112, कुल प्रगतिरत आवासों की संख्या 3765 है।

**राशि देने की जानकारी नहीं: पवन पांडे**

आवास मित्र बरकई राम पवन पांडे ने कहा कि पंचायत में आवास सूची और एफिडेविट लेकर कुछ लोग पहुंचे थे। सरपंच के कहने पर मैंने हितग्राहियों के घरों को दिखाया था। राशि देने की मुझे जानकारी नहीं।

**पता कराएंगे**

मामले को आपने संज्ञान में लाया है। अधूरे आवास मामले का पता कराएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- **गजेंद्र ध्रुव सीईओ,** जपं माकड़ी

**केस 1**

ग्राम बरकई निवासी रनसाय मरकाम का कहना है कि पंचायत वालों ने उनके नाम से दो साल पहले आवास स्वीकृत होने की बात कही। उसके बाद पवन पांडे के बेटे के साथ दो अन्य व्यक्ति उसके घर पहुंचे। आवास को तत्काल महीने भर में बनाना है, हम बनाकर देंगे बोलकर पहली किस्त निकालने बोले। उनके साथ चॉइस सेंटर में गया और दो बार में 25 हजार रुपए निकाल कर उनको दे दिया। पैसे देने के बाद वे लोग आए ही नहीं। हमने भी मकान बनाना छोड़ दिया था। फिर इसी साल बरसात के समय मुझे घर बनाने के लिए नोटिस मिला, राशन रोके थे। उसके बाद अपना पैसा लगाकर घर बना रहा हूं, अभी तक दो किस्त निकाल चुका हूं।

**केस 2**

गनेशवरी मरकाम निवासी बरकई के का दावा है उसके नाम से आवास स्वीकृत होने के बाद पिछले साल पवन पांडे दो अन्य व्यक्तियो को हमारे घर में लाया। उन्होंने आवास को ठेके में बनाकर देने के लिए मुझे पैसा निकाल कर देने बोले,पहली किस्त की राशि निकालकर उनको देने के बाद आवास बनाने आए ही नहीं। अब फसल होने के बाद ही आवास को बनाऊंगी।

## पेज 13 के शेष

### सरकार के ऐतिहासिक ...

क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाने चाहिए। इसी प्रकार नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। नई उद्योग नीति में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इसके अलावा बीते एक वर्ष में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी रणनीति ने उन्हें पीछे हटने को मजबूर किया है। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। और पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से एक साल में राज्य ने बहुत तेजी से प्रगति की है। इसके लिए केन्द्र से भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। इस दौरान 31 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत की गई है।

### बस्तर के युवा ...

ओलम्पिक में तीन स्तर की स्पर्धा से के जरिये बस्तर प्रतिभाओं को एक मंच दिया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता मे एक लाख 65 हजार के पंजीयन करवाया ये परिवर्तन की बयार है। आरंभ में खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर आतिशबाजी की गई। वहीं रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत माता रूकमणी कन्या आश्रम तथा अन्य विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधी और सचिव गृह हिमशिखर गुप्ता, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, सातों जिलों के नोडल अधिकारी, खेल अधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

**खिलाड़ियों ने किया उत्साहवर्धन :** इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जिंदगी की असली उड़ान का यही समय है, इसी मौके पर युवा अपने हर सपने को साकार कर सकते हैं। बस्तर ओलम्पिक युवाओं को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने का सकारात्मक प्रयास है। भविष्य में इस दिशा में और बेहतर पहल किया जाएगा।

### चहूंमुखी विकास ...

नया विभाग का गठन किया है। इस दौरान श्रीनिवास राव मद्दी, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, योगेन्द्र पांडे, रामाश्रय सिंह, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी सहित अन्य शामिल रहे।

### सुरक्षा बलों को ...

हितेश और नुप्पो सुरेश के रूप में हुई। नक्सली मड़कम कोसा पिता हुंगा से लाल रंग के भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। उक्त कृत्य विधि विरुद्ध पाये जाने से नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### आपातकालीन सेवा..

होकर कोआर्डिनेशन सेंटर तक शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक वाहनों से आवागमन प्रतिबंध रहेगा। वहीं सोमवार सुबह भारी वाहन के लिए प्रतिबंधित व परिवर्तित मार्ग आसना चौक से आड़ावाल बाईपास तिराहा तक भारी वाहन ट्रकों का आवागमन सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## छायाचित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन



सुकमा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी शनिवार को जिले के हृदय स्थल बस स्टैंड में लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक और विश्वराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से संबंधित सफलता की कहानी पर आधारित एवं विभिन्न योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन, मासिक पत्रिका सहित खुशियों का नोटिफिकेशन, उदित छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रकार के प्रकाशन सामग्री, ब्रोशर एवं पांपलेट लोगों को निःशुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजू, मगड़ी, कोसा, भीमें, सोमारी शांति, कुसुम, मंगेश, देवेंद्र, रामनाथ और अन्य लोगों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## उद्यानिकी मित्रों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण



**बीजापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के सभागार में चिराग परियोजनान्तर्गत उद्यानिकी मित्रों का 10 से 14 दिसम्बर 2024 तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखण्ड से 20 एवं भैरमगढ़ विकासखण्ड से 20 प्रशिक्षाणार्थीगण सम्मिलित हुए। इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यानिकी मित्रों को चिराग परियोजनान्तर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं एवं उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा उद्यानिकी फसलों, एकीकृत कृषि प्रणाली, ड्रिप-एरीगेशन सिस्टम, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं लाभ, कीटनाशक, फफूदनाशक, फेरोमोन ट्रेप, ग्रीन नेट शेड के उपयोग, जैविक खाद, यूरिया के प्रयोग लाभ एवं तरल उर्वरक एवं जैव उर्वरक इत्यादि विषय में उद्यानिकी मित्रों को विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। साथ ही उद्यानिकी महाविद्यालय जगदलपुर के डॉ. विकास रामटेके, वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कोण्डागांव के वैज्ञानिक डॉ. सुरेश मरकाम के द्वारा ऑनलाइन माध्यम में उद्यानिकी मित्रों को उद्यानिकी फसल उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उद्यानिकी मित्रों को प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन परीक्षा एवं प्रशिक्षण पश्चात मूल्यांकन परीक्षा लिया गया जिसमें सभी परीक्षाणार्थी उत्तीर्ण हुए।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह समझाइश से निपटे प्रकरण

# 1327 लंबित प्रकरणों में 6 करोड़ का राजीनामा कर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नेशनल लोक अदालत का विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने शनिवार को मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अदालत में सबको शीघ्र और सस्ता न्याय, जिसमें न किसी की जीत और न किसी की हार है।

■ सबको शीघ्र, सस्ता न्याय, जिसमें न किसी की जीत और न किसी की हार






नेशनल लोक अदालत में रखे गए लंबित 2744 प्रकरणों में से 44 आपराधिक प्रकरण, 22 व्यवहार वाद प्रकरण, 41 दावा प्रकरण, 6 पारिवारिक प्रकरण, 75 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, 25 श्रम संबंधी प्रकरण, 630 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 483 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, एक जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत के प्रकरण इस प्रकार 1327 निराकृत लंबित प्रकरणों में 5 करोड़ 86 लाख 09 हजार 829 रूपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में 31545 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा 5 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल, विद्युत कंपनी, नगर निगम (जल प्रदाय शाखा एवं संपत्ति कर शाखा) द्वारा रखे गए 6968 प्रकरणों में से बैंकों के 46 प्रकरण, विद्युत विभाग के एक प्रकरण एवं बीएसएनएल के 17 प्रकरण, जलकर के 13 प्रकरण एवं सम्पत्ति कर के 71 प्रकरण इस प्रकार 148 प्रकरणों में 26 लाख 26 हजार 339 रूपए में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया। अदालत में कई लोगों को आपसी सुलह समझाईस से राजीनामा किए जाने के कारण उन्हें न्यायालयीन प्रकरणों में राहत मिला।

**परिसर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव अंकिता कश्यप ने बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसमें उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

## सीएमएचओ औचक निरीक्षण में पहुंचे बकावंड अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक औचक निरीक्षण पर सीएचसी बकावंड का दौरा किया।

बकावंड पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के बालक की मौत के संदर्भ में जानकारी लेते हुए अस्पताल में लाए जाने के दौरान उसको दी गई सुविधा और किए गए जांच की विस्तृत जानकारी सीएमएचओ द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी हरीश मरकाम से ली गई। बीएमओ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार त्रिनाथ पिता जग्गू 16 वर्ष एकटागुड़ा ग्राम कुसमी निवासी बालक को 11 दिसंबर को हॉस्टल से यहां लाए थे। अस्पताल में ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा आरंभिक जांच के बाद सिकलीन पॉजिटिव पाया गया। चिकित्सा सेवा लेने के बाद उसे उसके परिजन घर ले गए, उसकी सभी आवश्यक जांच कर संभावित उपचार दिया गया था। उसके बाद 12 दिसंबर को दोपहर उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। निरीक्षण के दरमियान अधिकारियों द्वारा द्वारा आईपीडी, ओपीडी, एनआरसी और लेबोरेटरी की जांच की गई। निरीक्षण में आईडीएसपी के जिला नोडल डॉ. वीरेंद्र ठाकुर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संतोष सिंह के साथ डॉ. भंवर भी शामिल रहे।

# 20 साल से चल रहे जमीन विवाद और मारपीट के मामले आपसी समझौते से निपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नेशनल लोक अदालत में शनिवार को सुकमा जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय प्रांगण में 1014 मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें समरी प्रकरण- 969, प्री-लिटिगेशन-18, चेक अनादरण-2, व्यवहार वाद -1, भारतीय दण्ड संहिता एवं भारतीय न्याय संहिता 24 मामले थे। नेशनल लोक अदालत में कुछ ऐसे भी मामले थे जो बीते 20 साल से चल रहे थे। पीठासीन अधिकारी गीतेश कुमार कौशिक की समझाइश पर सालों पुराना मामला चंद मिनटों में राजीनामा कर सुलझाया गया। इस दौरान उत्कर्ष भारती अभियोजन अधिकारी सहित खंडपीठ के सदस्य के रूप में कैलाश जैन, राजेन्द्र मड़कम अधिवक्ता तथा मुन्नाराम नायक अधिवक्ता एवं न्यायालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ राष्ट्रीय लोक अदालत में 1014 मामलों का हुआ निपटारा



छिन्दगढ़ के निवासी नवल किशोर नेगी एवं उसके सहोदर भाई आसमन नेगी के मध्य पैतृक भूमि को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होने से न्यायालय के समक्ष व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था। पीठासीन अधिकारी के समझाइश पर दोनों भाई वर्षों पुरानी दुश्मनी को भुलाते हुए राजीनामा हेतु सहर्ष तैयार हो गये और राजीनामा के आधार पर दोनों को ही अपने-अपने हक की पैतृक संपत्ति प्राप्त हो गयी और दोनों सग्गे भाईयों के मध्य वर्षों से चल रहा विवाद शनिवार को नेशनल लोक अदालत में हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त हो गया। दोनों पक्षों ने पीठासीन अधिकारी के सामने खुशी जाहिर करते हुए सभी मनमुटाव समाप्त करते हुए एक-दूसरे को गले लगाते हुए हाथ मिलाते हुए खुशी-खुशी अपने घरों की ओर रवाना हुए। इस तरह राजीनामा के आधार पर न कोई जीता न कोई हारा, के आधार पर 20 वर्षों से दोनों पक्षों के मध्य विवाद पूरी तरह समाप्त हुआ।

**मारपीट-गाली गलौज का केस भी निपटा**

लोक अदालत में पूर्व से लंबित 02 दाण्डिक प्रकरण को आपसी सुलह के आधार पर निराकरण किया गया। प्रार्थी भीमाराम कवासी तथा परिवार के अन्य सदस्य द्वारा ग्राम जीरमपाल में आम का त्यौहार मना रहे थे। उसी दौरान आरोपी नागुल नागेश अपने साथियों के साथ प्रार्थी को अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आये अन्य लोगों को भी अभियुक्त नागुल नागेश एवं उनके साथियों ने मारपीट की घटना को कारित किया। इसी तरह प्रार्थी पोडियामी हिड़मा के रिपोर्ट पर आरोपी भीमा कवासी एवं अन्य के विरुद्ध भी समानांतर अपराध आरक्षी केन्द्र गादीरास में दर्ज किया गया था। मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा के अदालत में पेश किया गया। उक्त दोनों प्रकरण में कुल 14 आरोपी अभियोजित किये गये थे। पीठासीन अधिकारी गितेश कुमार कौशिक के द्वारा दोनों पक्ष के मध्य सुलह का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर दोनों पक्षों द्वारा राजीनामा हेतु तैयार हो गये और राजीनामा की कार्यवाही पूरी की गई।

## केंद्रीय गृहमंत्री से पेंशनर्स करेंगे भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जगदलपुर आने पर पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल उनसे भेंट कर मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) जो पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जाने के मार्ग में बाधक है को तत्काल विलोपित करने की मांग पुरजोर तरीके से करेंगे।

उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने प्रेस को जारी बयान में कही। श्री ताटी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 वर्षों के बाद भी पेंशनरों को इसकी पीड़ा भोगने के लिए बाध्य होना पड रहा है। इस धारा में विहित प्रावधानों के तहत जब भी छत्तीसगढ़ सरकार को राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देना होता है तो घोषणा के पूर्व मध्य प्रदेश सरकार से सहमति लेनी होती है। इसी तरह जब मध्यप्रदेश सरकार को अपने पेंशनरों को महंगाई राहत देनी होती है तो पहले छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेनी पड़ती है।

विधान सभा चुनाव के पूर्व चुनावी घोषणापत्र में मोदी की गारंटी की बात करते हुए यह घोषणा की गई थी कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर पेंशनरों को महंगाई राहत केंद्र द्वारा देय तिथि से दिया जावेगा जो अब महज एक दिवा स्वप्न बनकर रह गया है। मांग करने वालों में आरएन ताटी, किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव प्रसाद मिश्रा, आरएस पांडे, आनिद्या बागची, एसडी मांझी, डी रामन्ना राव, एसपी ठाकुर, पीएस ठाकुर, नागेश कापेवार, एलएस नाग, हेमंत सिंह ठाकुर, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, करमजीत कौर, ललिता यादव एवं जयमनी ठाकुर शामिल हैं।

## शीतला माता जात्रा 17 को

**गीदम।** नगर के शीतला माता मंदिर में 16 दिसंबर सोमवार को भैरमजात्रा एवं मंगलवार 17 दिसंबर को शीतला माता जात्रा का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों लोग माता के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस तीन दिवसीय जात्रा में 16 दिसंबर को भैरम जात्रा, शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू होगी, दूसरे दिन गांवदई पूजा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, दौनाबती उड़ियानाट का आयोजन होगा। देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

# नेशनल लोक अदालत में निपटे 1918 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा, के मार्गदर्शन में ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर पीठासीन अधिकारी, खण्डपीठ क्र.-01 बीजापुर, राष्ट्रीय लोक अदालत, बीजापुर, द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। ताजुद्दीन आसिफ, पीठासीन अधिकारी, सदस्य लक्ष्मी नारायण गोटा, आशिक सिद्दीकी अधिवक्ता की उपस्थिति में आपराधिक प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण का राष्ट्रीय लोक अदालत में शमन/प्ली बारगेनिंग/ स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर के तारतम्य में राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारो में मध्य आपसी समझौता कराकर, आपराधिक 1 प्रकरण एवं पराकाम्य लिखत अधिनियम के 1 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा जिला बीजापुर के यातायात नियमो का उल्लंघन संबंधित ट्रैफिक 827 प्रकरण तथा आबकारी विभाग से 24 प्रकरण का निराकरण कर कुल 851 प्रकरणों में शासन के पक्ष में राशि 1,06,700 रूपये राजसात किया गया है। जिला बीजापुर के जलकर, विद्युत बिल बकाया राशि, दूरसंचार विभाग के बकाया बिल एवं बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन के कुल 1065 प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। जिले के राजस्व न्यायालय द्वारा भी खातेदारों के मध्य आपसी बटवारा मामला, नामांतरण मामला एवं अन्य राजस्व संबंधित मामले सहित कुल 7670 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।



राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी पीताम्बर सिंह मण्डावी प्रस्तुतकार, शिवशंकर तोगर स्टेनोग्राफर, गौरैया गोटा निष्पादन लिपिक, सुरजीत कोरम सहायक ग्रेड-3, सुनील कुमार मौर्य वाहन चालक, विरेन्द्र भास्कर भृत्य एवं बिरेन्द्र कुमार कुआर्य सेल अमीन व कैलाश चन्द्रवंशी कोर्ट मोहर्रिर भी उपस्थित रहे हैं।

## आयोग में किया राजीनामा...



**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे द्वारा शनिवार को नेशनल लोक अदालत में 5 प्रकरणों में 55 लाख रूपए की राशि का, आपसी सहमति के आधार पर, राजीनामा करवाया गया।

## 111 मरीजों का उपचार व दी निःशुल्क दवाइयां

**जगदलपुर।** एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति जगदलपुर के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर की एक टीम तथा संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित न्यायिका अधिकारी, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों साथ ही ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ उपचार किया गया। इसमें 111 उपचारिक मरीजों का उपचार किया गया, साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। इसके अतिरिक्त 27 लोगों का पैथोलॉजीकल परीक्षण भी किया गया, जिसमें उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार किया जा सके। शिविर में उपस्थित आरएमए अरविंद कुमार साहू, आरएचओ




वृंदा दास, साथ ही एसबीआई बैंक से मैनेजर मनीष अग्रवाल, एसबीआई संजीवनी की टीम से जिला समन्वयक सूरज पटनायक, डॉ. विभाष ओझा, डॉ. भूपेश पैकरा, फार्मासिस्ट रविन्द्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स थमेश्वरी जैन, अशोक बघेल, किशन पांडे ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)